कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज

हवामहल के पास, बडीचौपड़, जयपुर, राजस्थान–302002

कार्यालय :– एफ–6 ( )उपा.राज.(प्रथम)/ला.शाखा/जननी/हैरिटेज/2023–24/2641 दिनांकः 05/12/23

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः 9329, दिनांक 22.10.2021 के बिन्दु संख्या 2(**xi**) के अनुसार आवंटन कर सूची जारी की जा चुकी हैं तथा सार्वजनिक विज्ञप्ति क्रमांक 2520, दिनांक 04.10.2023 द्वारा स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः 9329, दिनांक 22.10.2021 के बिन्दु संख्या 2(**xii**) तथा बिन्दु संख्या 2(**xiv**) के अनुसार 20 वर्षों के लिए एक मुश्त किराया/लीज राशि **+** जी.एस.टी तथा बिन्दु संख्या 8 के अनुसार तथा 2(**xv**) अनुसार 2 वर्षों के लिए सुरक्षा राशि कुल राशि 18,700/–रूपयें दिनांक 03.12.2023 तक एकल खिड़की, अटल सेवा केन्द्र (निगम हैरिटेज मुख्यालय) में जमा करवाने बाबत् सूचित किया गया था। परन्तु आदिनांक तक समस्त सफल आवेदकों द्वारा राशि जमा नहीं करवायी गयी हैं। इसी क्रम में अभी तक जिन सफल आवेदकों ने राशि जमा नहीं करवायी है, वह दिनांक 12.12.2023 तक राशि कुल 18700/– रूपयें एकल खिड़की अटल सेवा केन्द्र (निगम हैरिटेज मुख्यालय) पर जमा करवायें। राशि जमा नहीं करवाने की स्थिति में अधिसूचना के बिन्दु संख्या 9(ख) के अनुसार आवंटन समिति द्वारा बूथ आवंटन निरस्त किया जावेगा। राशि जमा कराने हेतु इसके उपरान्त अन्य अवसर नहीं दिया जावेगा।

(राजेन्द्र सिंह शेखावत)
I.A.S
आयुक्त एवं अध्यक्ष
डेयरी बूथ आवंटन समिति
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

प्रतिलिपिः–

1. निजी सहायक, श्रीमान् आयुक्त महोदय नगर निगम जयपुर हैरिटेज।
2. जनसम्पर्क अधिकारी नगर निगम जयपुर हैरिटेज को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति को दो मुख्य राज्यस्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन करावें।
3. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर नगर निगम जयपुर हैरिटेज को भेजकर लेख है कि उपरोक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति एवं प्रोविजनल सूची नगर निगम जयपुर हैरिटेज की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करावें।
4. प्रभारी, अटल सेवा केन्द्र को भेजकर लेख हैं, कि उक्त कार्य हेतु डेयरी बूथ के किराया/लीज राशि को जमा करने हेतु एकल खिड़की की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
5. सुरक्षित पत्रावली।

–sd–

उपायुक्त राजस्व (प्रथम)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज